**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 नवंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

- **केंद्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी।**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत दो लाख योग्य प्रार्थियों को 100-100 वर्ग गज के भूखण्ड दिए जाएंगे।**
- **मुख्यमंत्री ने लाडवा बस अड्डे से जोधपुर सालासर और ज्योतिसर के लिए बस सेवा शुरू की।**
- **हरियाणा में राशन वितरण में जानबूझ कर देरी करने वाले डिपो होल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।**
- **हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने भविष्य में सीवरेज और पानी की जरुरत को ध्यान में रखते हुए परियोजनायें तैयार करने के निर्देश दिए।**
- **हिसार जिले में डेंगू के 700 मरीज़ सामने आये।**
-

**************************************************************************

**केंद्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मीडिया को मंत्रिमण्डल बैठक में लिए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी**

जमानत के ऋण प्राप्तकरने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि वित्तीय बाधाओंके कारण भारत का कोई भी युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहे । श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के लिए 10 हजार 700 करोड़ रुपये की इक्विटी के निवेश को भी मंजूरी दी है।

***************************************************************
**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवासीय भूमि से वंचित 2 लाख योग्य प्रार्थियों को 100-100 वर्ग गज के भूखंड देगी। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दे दिए गए हैं।मुख्यमंत्री आज लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी में आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा सहित पूरे प्रदेश में तेज गति से विकास किया जाएगा। अधिकारियों को प्रदेश में सभी सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। उमरी में लोगों कि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को 2100 रुपए की राशि देने के चुनावी वायदे को शीघ्र पूरा किया जाएगा इसके लिए व्यवस्था बनाने के आदेश दिए गए हैं ।

उन्होंने गांव मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी को 21-21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री ने गांव दबखेडा में बड़े सामुदायिक केन्द्र की सौगात देने के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग चौपाल के नवीनीकरण की भी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।श्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा बस अड्डे से लाडवा से जोधपुर होते हुए सालासर के लिए और विद्यार्थियों के

लिए लाडवा से ज्योतिसर बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब लाडवा बस अड्डे से रोजाना निर्धारित रूट पर बसें चलेगी।

*******************************************************************

हरियाणा में राशन वितरण में जानबूझकर देरी करने वाले डिपो होल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को सभी डिपो होल्डर से राशन का वितरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।श्री नागर आज चंडीगढ़ में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्री ने अधिकारियों के सभी राशन डिपुओं पर सी सी टी वी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। इन कैमरों से जिला स्तर और मुख्यालय स्तर पर निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों के राशन में गड़बड़ी कतई सहन नहीं की जाएगी। गड़बड़ी करने वाले डिपो होल्डरों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए मंत्री ने कहा कि शिकायत मिलने पर दोषी पाए जाने वालों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।श्री नागर ने कहा कि सभी डिपुओं पर राशन एक तारीख से पहले पहुंच जाना चाहिए ताकि गरीब लोगों को समय पर अनाज मिल सकें। उन्होंने राशन वितरण का ऑनलाइन डाटा अपडेट रखने के निर्देश भी दिए।मंत्री ने कहा कि एक परिवार के केवल एक व्यक्ति को ही राशन डिपो का लाइसेंस मिलना चाहिए, मिलीभगत से कई डिपुओं का लाइसेंस लेने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी।

*****************************************************************
*********

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों और शहरों के लिए भविष्यों यें मुखी परियोजनायें तैयार करें ताकि आबादी बढ़ने पर नागरिकों को सीवरेज की सुविधा और पानी के लिए परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि परियोजनाएं आगामी 20-25 वर्षों की स्थिति को ध्यान में रख कर तैयार की जाएं।श्री गंगवा आज पंचकूला में अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार बरसात के मौसम में सीवर बंद नहीं होना चाहिए। इसलिए समय से पहले सीवरों की सफाई करवाई जाए।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर घर में नल और हर नल में जल हो। -

मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पुरानी पाइपों को बदला जाएगा।उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा।

*****************************************************************
***********

हिसार जिले में अब तक डेंगू के 700 मरीज सामने आए हैं। पंचकूला के बाद हिसार डेंगू से सबसे ज्यादा प्रभावित है।

हिसार के उप सिविल सर्जन डॉक्टर सुभाष ख़तरेजा ने बताया कि-

उन्होंने बताया कि बढ़ते मामलों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू की रोकथाम के लिए प्रयास बढ़ा दिए हैं। घरों में जाकर डेंगू का लार्वा नष्ट किया जा रहा है।

डॉ सुभाष ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें मिलकर शहरों में फॉगिंग कर रही हैं और उन 850 तालाबों में मछलियां छोड़ी गई हैं जहां लार्वा मिला है।

उप सिविल सर्जन ने लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की है।

*********************************************************************

लोक आस्था के महापर्व छठ में कल नहाय -खाय के साथ शुरू हुआ।सूर्यपासना के चार दिन के इस पावन अनुष्ठान में आज देर शाम खरना का विधान संपन्न होगा। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगी। कल  होते सूर्य और शुक्रवार प्रात उदीयमान सूर्ये को अध्य अपर्ण के साथ ही महापर्व का समापन होगा।

*********************************************************************